देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 186 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
शुद्धता का सवाल




# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024




मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0° | 79924.77 | 2 पीएम मोदी ही रुकवा सकते हैं युद्ध | 7 कोच गैरी कर्स्टन ने दिया इस्तीफा

# अपूर्ण योजनाएं जल्द होगी पूरी: सीएस

## मुख्य सचिव ने सचिव वित्त को सभी विभागों से तत्काल प्रस्ताव लेने के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। सचिवों की अनुपस्थिति में पत्रावली सम्बन्धित शासकीय कार्यों में विलम्ब न हो, इस सम्बन्ध में समाधान हेतु किसी भी समय सीधा मुख्य सचिव से सम्पर्क करने हेतु अधिकारियों को निर्देश

अनुमोदित प्रस्तावों पर शासनादेश जारी करने में विलम्ब पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सम्बन्धित अधिकारियों को इस सम्बन्ध में तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने मिसिंग लिंक फण्ड के तहत जिन विभागों में प्रस्ताव डीपीआर, टीएसी या डीएफसी स्तर पर लम्बित हैं, उनकी प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में मिसिंग लिंक से पोषित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मिसिंग लिंक द्वारा फंडिंग किए जाने पर सहमति बनी। मुख्य सचिव ने सचिव वित्त को सभी विभागों से तत्काल प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए, ताकि बजट जारी कर अधूरी योजनाओं को पूरा किया जा सके।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि पूर्व में स्वीकृत प्रस्तावों की प्रगति भी पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर नियमित अपलोड की जाए। पीएम गतिशक्ति में इन प्रोजेक्ट्स की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाती है। अधिकारियों विशेषरूप से सचिवों की अनुपस्थिति में पत्रावली सम्बन्धित शासकीय कार्यों में विलम्ब न हो इस पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी इस सम्बन्ध में समाधान हेतु किसी भी समय तत्काल मुख्य सचिव से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को शासकीय कार्यों में तत्परता से कार्य करने की संस्कृति विकसित करने की नसीहत दी।

बैठक में सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, डा बी वी आर सी पुरुषोत्तम सहित वित्त, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, उद्यान विभाग, ऊर्जा के अपर सचिव तथा वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी चंपावत मौजूद रहे।



### मिसिंग लिंक फंडिंग अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का स्वर्णिम अवसर

मिसिंग लिंक फंडिंग पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि मिसिंग लिंक फंडिंग अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का स्वर्णिम अवसर है। इस सम्बन्ध में सभी विभाग अपने स्तर पर ऐसी आधी–अधूरी योजनाओं का गंभीरता से आंकलन करे, फील्ड ऑफिसर्स से भी जानकारी ली जाए। सभी विभागों को योजनाओं की ऑनरशिप लेते हुए कार्य करने की हिदायत देते हुए मुख्य सचिव ने योजनाओं की स्वीकृति व क्रियान्वयन में प्रक्रियाओं की स्पष्टता व सरलीकरण के निर्देश भी दिए है।

■सचिवों की अनुपस्थिति में पत्रावली सम्बन्धित शासकीय कार्यों में विलम्ब न हो

■समाधान को किसी भी समय सीधा मुख्य सचिव से सम्पर्क करने हेतु अधिकारियों को निर्देश



### मिसिंग लिंक फण्ड के तहत पूरे किए जाएंगे प्रोजेक्ट्स

मिसिंग लिंक के तहत ऐसे प्रस्तावों को स्वीकृति दी जाती है जिन्हें जनपदों में किसी भी योजना के तहत फंडिंग नही हो पाती, ऐसे प्रोजेक्ट्स को मुख्य सचिव कोष से फंडिंग की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी की तीसरी लिस्ट में 25 उम्मीदावारों के नाम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की तीसरी लिस्ट जारी हो गई है। बीजेपी की तीसरी लिस्ट में 25 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इससे पहले पार्टी ने दूसरी लिस्ट में पार्टी ने 22 उम्मीदवार के नाम का एलान किया था वहीं, पहली लिस्ट में 99 कैंडिडेट घोषित किए थे। बता दें कि भाजपा ने कुल 146 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है।

### नीतीश ने एनडीए की महामीटिंग में दिया चुनावी मंत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** पटना। बिहार में 4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से पहले सोमवार को एनडीए की महाबैठक हुई। इस मीटिंग में राज्य में एनडीए के सभी विधायक, एमएलसी शामिल रहे। इसके अलावा सांसद, केंद्रीय मंत्री आदि भी मौजूद रहे। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने मीटिंग के बाद कहा कि नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ ही रहने की बात कही।

# सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने वाले तीन आतंकी ढेर

## मंदिर में बच्चों को भी बनाया था बंधक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। पाकिस्तान के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के अखनूर सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में बने एक शिव मंदिर के पास आतंकियों ने सेना के एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। इसके बाद जवानों ने 3 दहशतगर्दों को मार गिराया है। बता दें कि सोमवार सुबह 06:30 बजे के करीब इस आतंकी हमले को अंजाम दिया गया था। गांव के तीन बच्चे जब रोज की तरह शिव मंदिर में मात्था टेक कर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे, तो मंदिर में छुपे आतंकियों ने उन्हें रोक लिया। आतंकी बच्चों से मोबाइल फोन देने की मांग कर रहे थे।

बच्चों ने उनके पास मोबाइल फोन ना होने की बात जब आतंकियों को बताई तो वे गुस्सा हो गए और बच्चों से मारपीट कर उनकी तलाशी लेने लगे। बच्चों के अनुसार एक आतंकी ने उस पर अपनी पिस्तौल भी तान दी थी, लेकिन बाद में अचानक ने आतंकियों ने उन्हें मंदिर से भाग जाने को कहा।

इसके बाद बच्चे तुरंत अपने घर पर वापस लौटे और अपने अभिभावकों को गांव के मंदिर में आतंकियों की मौजूदगी की जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने सुरक्षा बलों को सूचित किया।

इस घटना के कुछ देर के बाद सेना की एक एंबुलेंस मंदिर के आगे से गुजरी तो आतंकियों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू किया। एंबुलेंस में उस समय एक चालक और अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था। यह एंबुलेंस केरी के सैन्य शिविर की ओर जा रही थी। एंबुलेंस में सवार लोगों ने किया तरह से नीचे झुक कर अपनी जान बचाई।

### ड्रोन से रखी जा रही नजर

सुबह नौ बजे के करीब सेना ने केरी बटल के इस इलाके के पूरी तरह घेर लिया इलाके में सेना के विमान और ड्रोन की मदद से आतंकियों पर नजर रखी जा रही थी। अब तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। सीमांत क्षेत्रों की ओर जाने वाले मार्गों पर सुरक्षा बलों को तैनात कर वहां से गुजर रहे वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी गई ताकि आतंकियों किसी वाहन को हाईजैक कर भाग ना सके।

# वक्फ बिल पर जेपीसी की बैठक में फिर मचा हंगामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक चल रही है। हालांकि, बैठक में बातचीत कम और नेताओं के बीच नोकझोंक की खबरें ज्यादा सामने आ रही है। आज एक बार फिर जेपीसी की बैठक बुलाई गई थी। बीच बैठक से ही विपक्षी दलों के कई सदस्यों ने वॉकआउट करने का फैसला कर लिया। विपक्ष के सदस्यों ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है।

वाकाउट करने वाले नेताओं ने दावा किया कि एमसीडी आयुक्त और दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री आतिशी की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट में बदलाव किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने की। समिति ने दिल्ली वक्फ बोर्ड, हरियाणा वक्फ बोर्ड , पंजाब वक्फ बोर्ड और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर मौखिक साक्ष्य दर्ज करने के लिए बुलाया था।

बता दें कि इससे पहले 22 अक्टूबर को हुई पिछली बैठक में भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के बीच गरमागरम बहस हुई थी। बैठक में कल्याण बनर्जी ने कथित तौर पर गुस्से में कांच की बोतल फेंक दी थी। बोतल फेंकने की वजह से उनके हाथ में चोट लग गई।

### हंगामा

■जेपीसी की बैठक में विपक्षी नेताओं ने वाकआउट किया

### नेताओं ने क्यों किया वॉकआउट

वॉकआउट करने वाले सदस्यों ने कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रेजेंटेशन में बदलाव किए। बैठक से बाहर जाने वालों में आप सांसद संजय सिंह, डीएमके के मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद शामिल थे।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# अगले साल हो सकती है भारत में जनगणना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में जनगणना अब 2025 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। इस बार जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। जिससे भविष्य में जनगणना का चक्र पूरी तरह बदल जाएगा। हालांकि, जाति जनगणना को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय ने जनगणना के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले 31 सवाल तैयार किए थे। इन सवालों में यह भी शामिल है कि क्या घर का मुखिया अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से है और परिवार के अन्य सदस्य पिछली जनगणना में पूछे गए सवालों के समान हैं।

संभावना है कि जनगणना और एनपीआर का काम अगले साल की शुरुआत में शुरू हो जाएगा और जनसंख्या के आंकड़े 2026 तक घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही जनगणना चक्र में बदलाव होने की संभावना है। इसलिए, यह 2025–2035 और फिर 2035–2045 और भविष्य में इसी तरह होगा।

■ सर्वे में पूछे जाने वाले 31 सवाल तैयार

## न्यूज डायरी



### पुतिन ने अमेरिका को दी धमकी, कहा– हम जरूर जवाब देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्रेमलिन। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर अमेरिका और उसके नाटो सहयोगी यूक्रेन को रूस के अंदर तक हमला करने के लिए लंबी दूरी के पश्चिमी हथियारों का उपयोग की अनुमति देते हैं तो मॉस्को उचित जवाब देगा। पुतिन ने कहा कि रक्षा मंत्रालय इस बारे में सोच रहा है कि रूसी क्षेत्र पर संभावित लंबी दूरी के हमलों का जवाब कैसे दिया जाए। कई तरह की प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कई महीनों से कीव के सहयोगियों से अनुरोध कर रहे हैं कि यूक्रेन को लंबी दूरी की अमेरिकी एटीएसीएमएस और ब्रिटिश स्टार्म शैडो सहित पश्चिमी मिसाइलों को रूसी क्षेत्र में उपयोग को हरी झंडी दी जाए। पुतिन से पूछा गया कि क्या नाटो देशों ने पुतिन के पिछले बयानों को सुना है कि इस तरह का कदम कीव को लंबी दूरी की मिसाइलों की आपूर्ति करने वाले देशों को सीधे युद्ध में खींच लेगा। पुतिन ने कहा, उन्होंने मुझे इसके बारे में कुछ नहीं बताया है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि उन्होंने सुना होगा, क्योंकि निरुसंदेह हमें अपने लिए भी कुछ निर्णय लेने होंगे। पुतिन ने कहा कि इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी कि रूस कैसे, कब और कहां जवाब देगा, लेकिन अगर लंबी दूरी के हमलों को मंजूरी दी जाती है तो मास्को को उसी के अनुसार जवाब देना होगा। पुतिन ने कहा कि केवल नाटो देशों के कर्मी ही उन विशिष्ट उपकरणों को संचालित कर सकते हैं जो यूक्रेन चाहता है, क्योंकि कीव के पास अपेक्षित विशेषज्ञ नहीं हैं।

### अमेरिकी शख्स ने एयरलाइंस पर ठोका मुकदमा, लापरवाही का लगाया आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के एक निवासी ने अपने फ्रेंच बुलडॉग की मौत के बाद अलास्का एयरलाइंस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि कुत्ते की मौत लापरवाही के कारण हुई। मिस्टर कॉन्टिलो और उनके पिता ने अपने दो फ्रांसीसी बुलडॉग, एश और कोरा के लिए पर्याप्त जगह और आराम सुनिश्चित करने के लिए फर्स्ट क्लास के टिकट खरीदे थे। उड़ान से पहले, दोनों कुत्तों की पशुचिकित्सक की तरफ से जांच की गई और उन्हें उड़ान भरने के लिए फिट घोषित किया गया। हालांकि, अलास्का एयरलाइंस के कर्मचारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रियों और उनके पालतू जानवरों को विमान में और पीछे ले जाने पर जोर दिया। अचानक हुए ट्रांसफर से एश को काफी परेशानी हुई, जिसमें हवा के लिए हांफने सहित सांस संबंधी परेशानी के लक्षण दिखाई देने लगे। कॉन्टिलो एयरलाइन नियमों के कारण टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान अपने पालतू जानवर की निगरानी करने में असमर्थ थे। सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर, कॉन्टिलो को पता चला कि एश की मृत्यु हो गई थी। वित्तीय मुआवजे की मांग के अलावा, कॉन्टिलो अलास्का एयरलाइंस को उसकी लापरवाही के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए दंडात्मक क्षतिपूर्ति की भी मांग कर रहे हैं।

### ईरानी के जनरल सलामी की इजरायल को खुली धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के शीर्ष कमांडर ने इजरायल को हमलों का अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। इजरायल की ओर से शनिवार को ईरानी सैन्य स्थलों पर किए गए हवाई हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए आईआरजीसी चीफ प्रमुख हुसैन सलामी ने कहा कि यहूदी मुल्क ने बहुत गलत किया है और उसे इसके कड़े परिणाम भुगतने होंगे। हुसैन सलामी ने कहा कि इजरायल शनिवार को अपने हवाई हमलों के जरिए अपने स्नापाक इरादेश पूरे करने में नाकामयाब रहा है। ये इजरायल के हमारे बारे में लगाए गए अनुमान के गलत होने को दिखाता है। साथ ही इससे पता चलता है कि इजरायल कमजोर पड़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने भी इजरायली हमलों पर प्रतिक्रिया दी है, हालांकि उन्होंने बहुत आक्रामकता नहीं दिखाई है लेकिन हमले को इजरायल की गलती जरूर कहा। खामेनेई ने कहा है कि हमलों को कमतर नहीं आंका जाना चाहिए और बढ़ा–चढ़ा कर भी पेश नहीं किया जाना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि उनकी आर्मी इस हमले का माकूल जवाब देगी।

# पीएम मोदी ही रुकवा सकते हैं रूस–यूक्रेन युद्ध

**भरोसा**

## प्रधानमंत्री की लीडरशिप के मुरीद हुए जेलेंस्की

यूक्रेन के लोगों के लिए तीसरी कठिन सर्दी आने वाली है: जेलेंस्की

युद्ध को खत्म कराने की कोशिश में पीएम मोदी की बड़ी अहमियत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। रूस–यूक्रेन युद्ध के ढाई साल से ज्यादा वक्त हो चुके हैं। इस युद्ध में हजारों लोगों ने जान गंवा दी है। युद्ध थमने के कुछ आसार नहीं दिख रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दोनों देशों से शांति की अपील कर रहे हैं। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक बार फिर पीएम मोदी की तारीफ की है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति का मानना है कि पीएम मोदी, रूस–यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इसमे कोई शक नहीं है कि पीएम मोदी युद्ध रुकवा सकते हैं।

उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी के प्रयास से वास्तव में युद्ध पर लगाम लग सकता है। इस युद्ध को खत्म कराने की कोशिश में पीएम मोदी की बड़ी अहमियत है। बता दें कि प्रधानमंत्री, दुनिया के एकमात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने युद्ध के बीच रूस और यूक्रेन का दौरा किया था।

बता दें कि कुछ दिनों में यूक्रेन और रूस में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। सर्दी में युद्ध लड़ना दोनों देशों के सैनिकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस बात को लेकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह यूक्रेन और यूक्रेनी लोगों के लिए तीसरी कठिन सर्दी है। हम कदम–दर–कदम अपनी ऊर्जा प्रणालियों को मजबूत कर रहे हैं। हम रूस की सेना को मुहतोड़ जवाब देंगे।

हाल ही में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने रूस का दौरा किया था। भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में पीएम मोदी ने एक बार फिर राष्ट्रपति पुतिन के सामने रूस–यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा शांति की वकालत करता आया है और शांति से ही युद्ध का हल निकल सकता है। हालांकि पीएम मोदी के इस बयान पर जेलेंस्की ने कड़ी टिप्पणी की थी।

जेलेंस्की ने कहा कि भारत का यह कहना कि हम शांति लाने के लिए काम करने के लिए तैयार हैं, यह पर्याप्त नहीं है। भारत का एक्शन भी दिखना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी एक बड़े देश के प्रधानमंत्री हैं। ऐसा देश केवल यह नहीं कह सकता कि हम युद्ध की समाप्ति में रुचि रखते हैं। पीएम मोदी युद्ध की समाप्ति को समाप्त करवाने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में इमिग्रेशन बना है अहम मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अटलांटा। अमेरिकी चुनाव में अब सिर्फ नौ दिन बचे हैं। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक रखी है। चुनाव में इमिग्रेशन एक अहम और विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। भारत और अन्य देशों के कई आप्रवासियों को डर है कि अगर ट्रंप जीतते हैं तो कार्रवाई होगी। अपने भाषणों में ट्रंप ने वॉशिंगटन की इमिग्रेशन नीति को सख्त करने के लिए आमूलचूल बदलाव का वादा किया है। साथ ही बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के सबसे बड़े निर्वासन अभियान को अंजाम देने की कसम खाई है।

चुने जाने पर मौजूदा शरणार्थी कार्यक्रमों की समीक्षा की भी बात उन्होंने कही है। अवैध रूप से रहने वाले अप्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने का भी संकल्प लिया है, जिससे भारत, बांग्लादेश, और पाकिस्तान सहित विभिन्न प्रवासी समुदायों के बीच चिंताएं पैदा हो गई हैं। कई लोग इसे लेकर ट्रंप की आलोचना भी कर रहे हैं। वहीं, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अवैध इमिग्रेशन को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि इमिग्रेशन सिस्टम टूट गया है और इसे ठीक करने के लिए विधायी उपायों की आवश्यकता है। हैरिस राष्ट्रपति चुनाव जीतीं तो तृतीय विश्व युद्ध करा देंगी।



## इजरायल ने तबाह कर दी ईरान की मिसाइल फैक्ट्रियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ईरान पर इजरायल के ताबड़तोड़ हमले ने उसके कई ठिकानों को नष्ट कर दिया। ईरान पर इजरायली हमले ने ईरानी राजधानी के दक्षिण–पूर्व में एक सीक्रेट मिलिट्री बेस को भी निशाना बनाया है। वहीं अब इसको लेकर सैटेलाइट से कुछ तस्वीरें सामने आई है। सामने आए सैटेलाइट फोटो में क्षतिग्रस्त इमारतों को देखा जा सकता है। इन इमारतों में ईरान का पारचिन मिलिट्री बेस नजर आ रहा है। जहां अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को शक है कि ईरान ने इससे पहले उच्च विस्फोटकों का परीक्षण किया था, जो परमाणु हथियार को ट्रिगर कर सकते थे। अन्य क्षति पास के खोजिर सैन्य अड्डे पर देखी जा सकती है, जिसके बारे में विश्लेषकों का मानना है कि यह एक भूमिगत सुरंग प्रणाली है और मिसाइल उत्पादन स्थलों को छुपाता है।

# ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की तबीयत बिगड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

खामेनेई का बेटा बन सकता है उनका उत्तराधिकारी

नई दिल्ली। इजरायल के हमले के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की तबीयत बिगड़ गई है। अब उनके उत्तराधिकारी की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि 85 वर्षीय खामेनेई गंभीर रूप से बीमार हैं। कहा जा रहा है कि उनके दूसरे बेटे मोजतबा खामेनेई को उत्तराधिकारी बनाया जा सकता है।

एक अक्टूबर को ईरान ने इजरायल पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। हालांकि इस हमले में इजरायल का खास नुकसान नहीं हुआ था। मगर इजरायल ने ईरान से बदला लेने की बात कही। इसके बाद 26 अक्टूबर की रात इजरायल ने भी दर्जनों लड़ाकू विमान से ईरान की राजधानी तेहरान और आसपास के इलाके में कई हमलों को अंजाम दिया। ईरान ने कहा कि इजरायल के अधिकांश हमलों को नाकाम कर दिया है। इजरायली अखबार येरुशलम पोस्ट ने अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई गंभीर रूप से बीमार हैं। उनके उत्तराधिकारी की तलाश ईरान ने तेज कर दी है। संभावतः उनके दूसरे बेटे को उत्तराधिकारी बनाया जा सकता है। बता दें कि 1989 में रुहोल्लाह खामेनेई के निधन के बाद से अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता के पद पर काबिज हैं।

रिपोर्ट ईरान पर इजरायली हमले के एक दिन बाद सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल मई में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद खामेनेई के उत्तराधिकारी को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इसमें ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह भी कहा गया है कि ईरान इजरायल के साथ तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है। इजरायल ने ईरान के अलावा इराक और सीरिया में भी कई ठिकानों पर हमला किया था। इजरायल से तनाव के बीच अयातुल्ला खामेनेई ने शनिवार रात को हिब्रू भाषा में अपना एक्स अकाउंट खोला है। इससे यह साफ होता है कि खामेनेई अब इजरायली जनता तक अपनी बात पहुंचाना चाहते हैं।

### बांग्लादेश को भारी पड़ रही पाकिस्तान से दोस्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस सरकार पाकिस्तान से गलबहियां करने को बेकरार है, लेकिन दूसरी तरफ पाकिस्तान उनके देश की कमर तोड़ रहा है। बांग्लादेश की टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री इन दिनों मुश्किल दौर से गुजर रही है। इसके पीछे पाकिस्तान वजह है। बांग्लादेश का घरेलू कपड़ा उद्योग अपने एक्सपोर्ट के लिए जाना जाता था, लेकिन आजकल इसे ऑर्डर पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि इसी दौरान पाकिस्तान के कपड़ा उद्योग में तेजी से उभार हो रहा है। बांग्लादेश के मीडिया आउटलेट डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश को मिलने वाले ऑर्डर की बड़ी मात्रा पिछले दो सालों में पाकिस्तान के पास पहुंच गई है। बांग्लादेश में महीनों तक चली राजनीतिक अस्थिरता का भी इसमें योगदान है।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# बाबा केदार के दर पर पहुंचे उत्तराखंड राज्यपाल गुरमीत सिंह

**आस्था**

## तीर्थ पुरोहित एवं पुजारियों ने रुद्राक्ष एवं फूल मालाओं से किया स्वागत

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। उत्तराखण्ड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सोमवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली के साथ ही विश्व जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की।

एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार ने वीआईपी हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर केदारनाथ आगमन पर स्वागत किया। ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद राज्यपाल तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले, साथ ही तीर्थ पुरोहित एवं पुजारियों द्वारा उनका रुद्राक्ष एवं



फूल मालाओं से स्वागत किया गया एवं पूजा अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खडे श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाये।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि हम आज बाबा केदार की पवित्र धरती पर मौजूद हैं तथा हमें उनके दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा अपनी अंतिम चरण में है तथा इस यात्रा में अब तक लगभग 43 लाख श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन कर लिये हैं, इस यात्रा में कई कठिनाइयां भी आयी है किन्तु शासन प्रशासन के द्वारा उपलब्ध करायी गयी बेहतर सुविधाओं व व्यवस्थाओं के सफल संचालन से ही यात्रा सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुई है। उन्होंने यात्रा व्यवस्था में लगे अधिकारी कर्मचारियों, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, आईटीबीपी सहित तीर्थ पुरोहितों का भी आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर उन्होंने केदारनाथ धाम में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी जिलाधिकारी से ली। उन्होंने कहा कि केदारपुरी में जो भी निर्माण कार्य किये जा रहे हैं उन कार्यों को पूर्ण करने में सभी अधिकारियों एवं इंजीनियरों व श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है जो विषम कठिन परिस्थितियों में दिन रात कार्य कर केदारपुरी को दिव्य एवं भव्य बनाये जाने के लिये कार्य कर रहे हैं, जिसके लिये उन्होंने सभी के योगदान के लिये उनकी सराहना एवं प्रशंसा की है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केदारनाथ में काम कर रहे श्रमिकों एवं कार्मिकों को किसी भी प्रकार कोई परेशानी एवं असुविधा न हो, साथ ही उनके खान–पान एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने को कहा।

## न्यूज डायरी

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चार नवंबर को दीवाली घेराव

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा चार नवंबर को सचिवालय का घेराव करेगा। परेड ग्राउंड से सचिवालय तक रैली निकाली जाएगी। मोर्चा की सोमवार को हुई बैठक में कर्मचारियों से बड़ी संख्या में दून में जुटने का आह्वान किया गया। लोक निर्माण विभाग संघ भवन में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा किसी भी प्रकार से केंद्र सरकार की नई यूपीएस पेंशन स्कीम को लागू नहीं होने देगा। एनपीएस और यूपीएस के विरोध में चार नवंबर को सचिवालय का घेराव किया जाएगा। अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस कर्मचारियों के खिलाफ पूंजीपतियों की एक बड़ी साजिश है। इससे सरकार को कोई लाभ नहीं है। सिर्फ पूंजीपतियों के दबाव में कर्मचारियों पर नए नए प्रयोग किए जा रहे हैं। यूपीएस भी उसी प्रयोग का हिस्सा है।

### आहना रिजॉर्ट ने सुरभि ज्योति और सुमित सुरी की शादी को बनाया ड्रीम वैडिंग

**संवाददाता** नैनीताल। लक्जरी और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात आहना रिजॉर्ट ने जानी–मानी बॉलीवुड अभिनेत्री सुरभि और उनके पार्टनर सुमित की शानदार शादी की मेजबानी की। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क की हरियाली में स्थित इस वैन्यू ने उनकी शादी के तीन दिनों के जश्न को रोमांच और भव्यता से भर दिया। सुरभि और सुमित की शादी सिर्फ एक भव्य जश्न नहीं बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ा हुआ उत्सव था। दिल को छू जाने वाले पलों के बीच सुमित रिजॉर्ट के एक स्थानीय वृक्ष से सिंदूर लेकर आए, जिसमें परम्परा और प्रकृति का यादगार संयोजन देखने को मिला। आहना रिजॉर्ट अपने मेहमानों के हर जश्न को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दून में खुला बॉडीक्राफ्ट क्लीनिक एंड सलून, मेयर ने किया स्टोर का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। भारत की ब्यूटी एंड वेलनेस चेन बॉडीक्राफ्ट ने अपने 22वें क्लीनिक एंड सलून के उद्घाटन का एलान किया है। यह आउटलेट देहरादून में खोला गया है। देहरादून में यह बॉडीक्राफ्ट का पहला आउटलेट है। इस आउटलेट पर एक ही छत के नीचे कई कस्टमाइज किए जा सकने वाले और आधुनिकतम इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे लोगों की ब्यूटी एवं वेलनेस संबंधी जरूरतें पूरी होंगी। स्टोर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता व देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा ने किया। इस साल बेंगलुरु और गुरुग्राम जैसे शहरों में सफलतापूर्वक आउटलेट की लॉन्चिंग के बाद बॉडीक्राफ्ट क्लीनिक एंड सलून ने उत्तर एवं दक्षिण में अपनी विस्तार योजनाओं को गति दी है।

## यमुना नदी में किया गया बीस हजार मत्स्य बीजों का संचय

**संवाददाता** नौगांव। मत्स्य विभाग उत्तरकाशी की ओर से एनएफडीबी योजना के तहत यमुनानदी के तट बर्नीगाड़ में रिवर रैंचिंग (मत्सय बीज संचय) कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीस हजार मत्स्य बीज महासीर प्रजाति के बीजों का संचय किया गया। रिवर रैंचिंग कार्यक्रम से स्थानीय लोगों को मत्स्य संरक्षण और जलीय संतुलन के प्रति जागरूक किया गया।

जेष्ट मत्स्य निरीक्षक विरेंद्र कुकरेती, सहायक निदेशक युपी सिंह ने बताया कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) के तहत यमुना नदी में मछलियों के संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके लिए मत्स्य बीजों का संचय किया जा रहा है। इससे नदियों में मछलियों की संख्या में भी वृद्धि होती है और जलीय संतुलन भी संतुलित रहता है। उन्होनें बताया कि एनएफडीबी योजना के तहत यमुना नदी के बर्नीगाड़ वीट संख्या आठ जो की सौली कमल नदी संगम से गंगनानी धारा बर्नीगाड़ तक शामिल है। बीस हजार मत्स्य बीजों का संचय किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेष्ट उपप्रमुख किशन सिंह राणा, कनिष्ट उप प्रमुख दर्शनी नेगी, पुर्व सहकारी समिति के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी दिनेश जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य यूपी सिंह, शुरेश जोशी, पुर्व कनिष्ठ उप प्रमुख श्याम सिंह राणा, मुकेश, चौन सिंह, सरदार आदि मौजूद थे।



## आयुर्वेद के महत्व पर लोगों को किया जागरूक

**संवाददाता** पुरोला। एसलेपीएस वेलनेस आयुर्वेदिक लिमिटेड कंपनी ने पुरोला के एक निजी होटल सभागार में सेमिनार आयोजित कर आयुर्वेद के महत्व पर लोगों को जागरूक किया। पुरोला के कुमोला रोड स्थित राणा एनेक्सी सभागार में संस्था ने जागरूकता सेमिनार का आयोजन कर आयुर्वेदिक उत्पादों के उपयोग व इससे होने वाले स्वास्थ्य सम्बंधित लाभ पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कंपनी से जुड़े भगवान सिंह व मातबर सिंह ने कंपनी के आयुर्वेदिक उत्पादों तथा कंपनी के कार्यो पर विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की। भगवान सिंह रावत ने कहा कि एसलेपीएस वेलनेस एक आयुर्वेदिक चिकित्सा व पर कार्य करने वाली दशकों पुरानी मल्टीनेशनल कंपनी है जो केवल स्वास्थ्य सम्बंधित उत्पादों पर ही नही बल्कि स्वस्थ भारत आर्थिक मजबूत भारत की थीम पर कार्य कर रही है।

# भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर राज्यपाल ने की पूजा अर्चना

**संवाददाता**

चमोली। उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह सोमवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भगवान बदरी विशाल से राज्य, देश और विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हेलीकॉप्टर से प्रातः 11 बजे बदरीनाथ पहुंचे। बदरीनाथ हेलीपैड पर पुलिस के जवानों ने मा. राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसके बाद उन्होंने बद्रीनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माणा गांव की स्थानीय महिलाओं से भी मुलाकात कर उनका

भगवान बदरी विशाल से राज्य, देश और विश्व कल्याण की प्रार्थना की

अभिवादन किया। उन्होंने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत हो रहे कार्यों को लेकर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से बद्रीनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरूप सामने आने लगा है। उन्होंने मास्टर प्लान के कार्यों और बदरीनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए मंदिर समिति के साथ ही स्थानीय लोगों को आभार व्यक्त किया।

बीकेटीसी कार्यालय में उन्होंने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से यात्रा व्यवस्थाओं के साथ मास्टर प्लॉन के कार्यों की जानकारी लेते हुए यात्री सुविधाओं के विकास के लिए सरकार की ओर से संचालित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने राज्यपाल को जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के अंतिम चरण में श्रद्धाओं की संख्या बढ़ रही है। जिसे देखते हुए दर्शनों के साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। बदरीनाथ मास्टर प्लान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि धाम में प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सालय भवन, टूरिस्ट मैनेजमेंट सेंटर, सिविक एमनिटी सेंटर और रिवर फ्रंट के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। साथ ही कहा कि माणा गांव को वाइब्रेंट विलेज के रुप में चयनित किया गया है। जिसके तहत सीमांत गांव को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से संतृप्त करने का कार्य किया जा रहा है।

### उप निर्वाचन को 5 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। रिटर्निंग अधिकारी 07–केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन हेतु सोमवार को भाजपा, काग्रेस, यूकेडी, पीपीआई(डेमोक्रेटिक) और निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 05 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के नामांकन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी पहुंचे। वही दूसरी और कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत, यूकेडी आशुतोष सिंह भंडारी, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान और प्रदीप रोशन रूडिया ने नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि आज 05 प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन किए गए हैं।

*जो व्यक्ति अच्छी आदतों का आदी हो जाता है उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है।*
*-अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# नीयत पर सवाल

**जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया बल्कि नई दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गए हैं कि कम से कम हाल–फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही।

इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।



ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार–बार दोहराने और गोल–गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर दिया तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है।

भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार–बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई। इसके उलट उनकी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार देती रही है। भारत ने अगर ट्रूडो सरकार के इस रुख को उसकी राजनीतिक मजबूरियों से जोड़ा है तो उसके पीछे भी यह ठोस तथ्य है कि उस सरकार का अस्तित्व अलगाववादी कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर करता है। बहरहाल, ताजा विवाद भले ही भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा दिख रहा हो, लेकिन इसमें निहित मुद्दे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के बुनियादी सरोकारों से वास्ता रखते हैं। मूल मसला यह है कि भारत जिन तत्वों को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा समझता है, ट्रूडो सरकार उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ लेने देती है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि वह अपनी गलतियां माने और भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की पहल करे।

## श्री गणेश

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** लेकिन फिर भी उसकी मम्मी की बात ना संकरा जो कहता है कि नहीं मुझे तो शहर जाना है मेरा दोस्त वहां अच्छा कमाई कर रहा है। उसके बाद उसकी मां कहती है कि अच्छा ठीक है तुम चले जाना लेकिन इससे पहले वादा करो कि अगर वहां तुम्हें ऐसे ही काम नहीं मिलेगा तो तुम घर पर वापस आ जाओगे। उसके बाद दूसरे दिन शालू कहती है कि चलो मैं तुम्हें मंदिर लेकर जाऊंगी वहां श्री गणेश जी का आशीर्वाद लेकर तुम्हें शायद जाने के लिए निकलना चाहिए। शालू और राजू दोनों श्री गणेश जी की आशीर्वाद लेने के लिए घर से निकलता है और और मंदिर जाता है मंदिर जाकर श्री गणेश जी से आशीर्वाद लेकर वापस आता है। फिर उसके बाद वह शहर के लिए काम करने के लिए अपने दोस्त के पास निकल पड़ता है।

...शेष कल

# संपादकीय

## एक्शन चाहिए

फेस्टिवल सीजन आ रहा है। इस दौरान अचानक नकली मावा, मिठाइयां, घी वगैरह पकड़े जाने की खबरें बढ़ जाएंगी। इस तरह की खबरें आपने पिछले साल भी पढ़ी होंगी और गारंटी है कि अगले साल फिर पढ़ेंगे। इसकी वजह है कि मिलावटखोरी का काला धंधा जितना संगठित है, इसके खिलाफ होने वाली कार्रवाई उतनी संगठित नहीं। आमतौर पर यह होता है कि किसी बड़ी घटना के बाद या त्योहारों में रैंडम सैंपलिंग और चेकिंग का मौसम चलता है, फिर सब शांत हो जाता है। हल्दी की चमक को बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल होता है। पुराने आलू को एसिड से धो देते हैं ताकि वह नया लगे और महंगा बिके। मिलावट को जड़ से खत्म करने के लिए कभी ऑपरेशन नहीं चल पाता। इसकी एक वजह संसाधनों की कमी तो है, लेकिन ये कार्रवाइयां कई बार खुद 'मिलावटी' होती हैं। तो जब तक शुद्ध एक्शन नहीं होता, तब तक शुद्ध घी भूल जाइए।

घातक पेस्टिसाइड्स से लेकर सड़े-गले अनाज और ईंट-मिट्टी तक, यह पूछिए कि क्या वह चीज नहीं है, जिसे मिलावटखोर रंग-पोत कर हमारे सामने नहीं परोस रहे।

# शुद्धता का सवाल

शैलेंद्र पांडेय।।

बड़े मंदिरों में प्रवेश के पहले श्रद्धालुओं से चमड़े की बेल्ट और पर्स तक बाहर रखवा लिया जाता है, ऐसे में जब तिरुपति बालाजी मंदिर में चढ़ने वाले लड्डुओं में चर्बी की मिलावट की खबर आई तो बवेला मचना लाजिमी था। इस मामले में यह हैरानी हो सकती है कि अब मंदिर का प्रसाद भी नहीं बचा, लेकिन कम से कम देश में मिलावट को लेकर कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा खुला सच है, जिसके बारे में जानते सभी हैं, लेकिन बोलता कोई नहीं। घातक पेस्टिसाइड्स से लेकर सड़े–गले अनाज और ईंट–मिट्टी तक, यह पूछिए कि क्या वह चीज नहीं है, जिसे मिलावटखोर रंग–पोत कर हमारे सामने नहीं परोस रहे।

तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में चर्बी मिलने की मिलने की बात कही जा रही है। सरकार ने उन वेंडर्स से घी लेना बंद कर दिया है, जो अभी तक सप्लाई कर रहे थे। जांच चल रही है और साथ में राजनीति भी। इस घटना ने तमाम दूसरे मंदिरों में चढ़ रहे प्रसाद को लेकर भी आम जनता के मन में संशय डाल दिया है। लेकिन, सवाल केवल प्रसाद को लेकर नहीं, बल्कि बाजार में बिक रहे तमाम खाद्य पदार्थों को लेकर होना चाहिए।



देश में बात होती है भूमाफिया, कालाबाजारियों, भ्रष्टाचारियों और आर्थिक घोटाले करने वालों की, लेकिन हकीकत में मिलावटखोरों का नेटवर्क भी इतना ही बड़ा है। एक संगठित अपराध की तरह इस काम को अंजाम दिया जा रहा, जिससे देश का कोई हिस्सा बचा नहीं रहा है। हाल ही में स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी ने कई देशों के खाद्य पदार्थों में घातक मेटल लेड क्रोमेट की मौजूदगी को लेकर स्टडी की। भारत के 17 शहरों से सैंपल लिए गए थे और 14 प्रतिशत में यह घातक तत्व मिला। गुवाहाटी और चेन्नै से लिए नमूनों में इसकी मात्रा सबसे ज्यादा थी।

आपको याद होगा कि कुछ दिनों पहले दिल्ली में 15 टन नकली मसाला पकड़ा गया था। इन मसालों को सड़े हुए चावल, लकड़ी के बुरादे, चोकर, सिट्रिक एसिड वगैरह से तैयार किया गया था। और उसी दौरान सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग से रिपोर्ट आई थी कि भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों की लॉट स्थानीय मानक के अनुरूप नहीं पाई गई।

तिरुपति विवाद ने भक्तों की आस्था को चोट पहुंचाई है। मसला इससे भी बड़ा, स्वास्थ्य का है। जो चीजें वाकई जहर हैं, मिलावटखोर उन्हें भी खाने–पीने की चीजों में मिलाने से बाज नहीं आते। बताइए, क्या कोई सीसा खा सकता है, या फिर एसिड, या वॉशिंग पाउडर जिससे आप कपड़े धोते हैं? ये सारी चीजें मिलाई जा रही हैं। सब्जियों और अनाज पर रंग चढ़ाया जाता है और दूध में डिटर्जेंट पाउडर घोला जाता है। साल 2016 में संसद में यह जानकारी दी गई थी हर तीन में से दो भारतीय मिलावट वाला दूध पी रहा है। और मिलावट भी किसकी, कास्टिक सोडा, डिटर्जेंट, यूरिया और पेंट की। संसद में ही पिछले साल अगस्त में 2022–2023 में हुई जांच के हवाले से बताया गया था कि 25 प्रतिशत नमूने मिलावटी मिले। इसका मतलब कि हर चौथा शख्स 'जहर' खा रहा है।

### सूडोकु नवताल-5390

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अपना ब्लॉग

## शादी के लिए पंडित से लेकर कैटरिंग तक

**मोहन।** शुरुआत के दो साल तो मैं पूरे उत्तराखंड के कोने–कोने तक गया और कहां क्या उपज होती है, किस तरह का खानपान है, यह समझा।

आज हम अनाज के अलावा सब्जियां, हैंडीक्राफ्ट, परिधान, आर्टिफिशियल जूलरी, पहाड़ी लेखकों की किताबें, ढोल दमाऊ जैसे वाद्य यंत्र, कृषि यंत्र तक रखते हैं। यहां तक कि उत्तराखंड का पंचांग भी रखते हैं। अगर किसी को शादी ब्याह के लिए पहाड़ी पंडित चाहिए या पहाड़ी खानपान के साथ कैटरिंग चाहिए तो भी हम उसे अरेंज करवाते हैं। आपको देश के किसी भी शहर में या दुनिया के किसी भी देश में रहकर उत्तराखंडी उत्पाद मंगवाने हों तो स्यारा रिटेल्स आप तक सामान जरूर पहुंचाएगा। हाल ही में राखी का त्योहार गया है। हमने इस मौके पर राखी वाले खास गिफ्ट हैंपर बनाए थे, जो खूब बिके। पिछली बार दिवाली में भी पांच हजार तक गिफ्ट पैक बिके। शादियों के सीजन में पहाड़ी स्नैक्स और मिठाई वाले भाजी के डिब्बे भी डिमांड में रहते हैं।






## दिलजीत दोसांझ के दिल्ली कॉन्सर्ट से पहले लिया बड़ा एक्शन

पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ और ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के म्यूजिक कॉन्सर्ट के टिकटों की हेराफेरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कोल्डप्ले और दिलजीत दोसांझ की दिल–लुमिनाती कॉन्सर्ट के टिकटों की अवैध बिक्री मामले में पांच राज्यों –दिल्ली, मुंबई, जयपुर, चंडीगढ़ और बेंगलुरु में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। एजेंसी ने यह कदम अलग–अलग राज्यों में फर्जी टिकट बिक्री से संबंधित कई एफआईआर दर्ज होने के बाद उठाया है। कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर और दिलजीत दोसांझ की श्दिल–लुमिनाती म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर देश के संगीत प्रेमियों में गजब का उत्साह है। इसका असर यह हुआ कि बुक माई शो और जोमैटो लाइव जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर इन शोज के टिकटों की बिक्री के लिए लाखों लोग उमड़े। हालांकि, इस हद से अधिक मांग के कारण टिकटों की कालाबाजारी भी शुरू हुई। इसी कड़ी में फर्जी टिकटों की बिक्री के जरिए भी लोगों को ठगे जाने की बात सामने आई। बुक माई शो ने फर्जी टिकटों की बिक्री को लेकर कई संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। इसमें आरोप लगाया गया कि ये आरोपी बेहद अधिक कीमत पर नकली टिकट बेच रहे हैं।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा आईसीयू में भर्ती, परेशान रहती थीं सिंगर

लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली एम्स के आईसीयू वॉर्ड में भर्ती कराया गया है। शनिवार की सुबह उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू वार्ड में रखा गया है। हाल ही में उनके पति ब्रज किशोर की ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई। वह 80 वर्ष के थे। इस साल, शारदा और उनके पति ने अपनी 54वीं शादी की सालगिरह मनाई। शारदा सिन्हा की उम्र 72 साल है। कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिग्गज लोक गायिका को पिछले कुछ दिनों से खाने–पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, उनके मेडिकल स्टाफ द्वारा अब तक कोई स्वास्थ्य बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। वो एक लोकप्रिय लोक गायिका और शास्त्रीय गायिका हैं। वह बिहार की रहने वाली हैं। शारदा सिन्हा मैथिली और भोजपुरी गानों के लिए जानी जाती हैं। उनके कुछ फेमस गानों मेंश्विवाह गीतश् और श्छठ गीतश् शामिल हैं। संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 1991 में पद्म श्री और 2018 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया है। इतना ही नहीं, उन्होंने मैंने प्यार किया के कहे तोसे सजना जैसे कुछ बॉलीवुड गानों में भी अपनी दिलकश आवाज दी है।

## दिमाग के तार हिलाने आ रही हैं हुमा कुरैशी



हुमा कुरैशी की नई वेब सीरीज मिथ्या 2 का ट्रेलर हाल ही रिलीज हुआ था, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। यह साल 2022 में आई इसी नाम की थ्रिलर सीरीज का सीक्वल है। मिथ्या से भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी ने एक्टिंग डेब्यू किया था। पहले सीजन को बढ़िया रिस्पॉन्स मिला था, और अब दूसरा सीजन मिथ्याः द डार्कर चैप्टर दर्शकों को कंपाने के लिए तैयार है। जैसा कि नाम से ही जाहिर है, इस बार कहानी ऐसी होगी, जो दिमाग के तार हिला देगी। मिथ्या 2 में पहले पार्ट से भी अधिक रहस्य और गहरे राज होंगे, जो दिमाग को उलझा देंगे और रूह कंपा देंगे। एक बार फिर इस सीरीज में हुमा कुरैशी के साथ अवंतिका दसानी की वापसी हो रही है। साथ में इस बार पिचर्स वाले नवीन कस्तूरिया भी नजर आएंगे। मिथ्या का दूसरा सीजन एक नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसकी कहानी दो सौतेली बहनों (हुमा कुरैशी और अवंतिका) की है। पार्ट में दिखाया जाएगा कि जूही (हुमा कुरैशी) एक नामी राइटर बन गई है और स्टारडम इंजॉय कर रही है। लेकिन तभी उस पर दूसरा राइटर अमित चौधरी (नवीन कस्तूरिया) कंटेंट चोरी का आरोप लगाता है।

# मैं रवीना टंडन जैसे लोगों से कभी बात नहीं करूंगी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*रवीना टंडन अपने करियर के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। अक्षय कुमार के साथ उनके अफेयर और सगाई खूब चर्चित रही थी। दोनों ने 1990 के आखिर में सगाई की थी, और उनकी शादी भी होने वाली थी, पर बाद में ब्रेकअप हो गया। हालांकि, बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि रवीना का नाम सैफ अली खान के साथ भी जुड़ा था। तब सैफ शादीशुदा थे। अमृता सिंह से उनकी शादी हो चुकी थी।*



**अमृता सिंह ने मस्त मस्त गर्ल को दी थी गाली**

जब अमृता के कानों में रवीना और सैफ के अफेयर की बात पहुंची, तो वह गुस्से से आगबबूला हो गई थीं। रवीना टंडन के 52वें बर्थडे पर सैफ के साथ उनके कथित अफेयर और अमृता के रिएक्शन के बारे में बता रहे हैं। रवीना ने सैफ अली खान के साथ इम्तिहान, मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, श्कीमतश, श्परंपराश और श्पहला नशाश जैसी फिल्मों में काम किया था। हालांकि, साथ काम करने के दौरान दोनों का नाम साथ जोड़ा जाने लगा था।

**अमृता सिंह को लगी खबर तो भड़क गईं**

यह बात अमृता सिंह को पता चली तो वह भड़क गईं। एक्ट्रेस ने 90 के दशक में सिनेब्लिट्ज नाम की मैगजीन को दिए इंटरव्यू में रवीना पर गुस्सा निकाला था, और गालियां भी दी थीं।

**अमृता बिच हैं, सैफ का टेस्ट उससे अच्छा है**

अमृता ने कहा था, रवीना बहुत ही रूड और चिड़चड़ी बिच है। वो और मैं कभी दोस्त नहीं रहे। मेरे पति सैफ और रवीना का अफेयर...क्या तुम वाकई सीरियस हो? मैं तो कहूंगी कि सैफ ज्यादा बुद्धिमान और दिमागदार हैं। रवीना टंडन से ज्यादा लाइफ में सैफ का टेस्ट अच्छा है।



**उम्मीद मत करना कि रवीना जैसों से बात करूंगी**

अमृता ने आगे कहा था, श्जब हम नासिक में साथ थे, तो रवीना ने मुझसे बिल्कुल भी बात नहीं की। अगर कोई मुझे विश नहीं करना चाहता, बात नहीं करना चाहता तो ये उसकी प्रॉब्लम है। मुझसे उम्मीद मत रखना मैं अपनी हद से बाहर जाकर रवीना जैसों से बात करूंगी। अगर मुझे और रवीना को एक ही कैटिगरी में रखा, तो मैं बहुत बुरा मान जाऊंगी।

**रवीना को हुआ था दुख**

अमृता सिंह के इस इंटरव्यू में तब सनसनी मचा दी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे रवीना टंडन को भी बहुत दुख पहुंचा था। वह अमृता की ऐसी बातें सुनकर और उनका एटिट्यूड देख आहत थीं।

# जेंडया को फैंस ने घेरा तो टॉम हॉलैंड ने खोया आपा

*हॉलीवुड के फेमस स्टार्स टॉम हॉलैंड और जेंडया पर हर किसी की नजर रहती है। जब दोनों साथ नजर आते हैं तो कैमरे उनकी तरफ मुड़ जाते हैं। कुछ ऐसा ही न्यूयॉर्क में हुआ, जब टॉम अपनी गर्लफ्रेंड को भीड़ से बचाते हुए नजर आए। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।*



साल 2021 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम स्पाइडर–मैनः नो वे होमश् था। इसमें टॉम हॉलैंड ने स्पाइडर मैन और जेंडया ने एमजे का किरदार अदा किया था। फैंस को इनकी ऑनस्क्रीन जोड़ी बहुत पसंद आई और दिल तब बहुत ज्यादा खुश हो गया था, जब पता चला कि दोनों रियल लाइफ में भी एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। ऑन–ऑफ रिलेशनशिप के बीच दोनों को बीते दिनों न्यूयॉर्क में देखा गया। यहां पर फैंस से घिरी गर्लफ्रेंड को बचाने के लिए टॉम ने जिस तरह से रिएक्ट किया, उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**हाथ घसीटकर गर्लफ्रेंड को भीड़ से निकाला**

टॉम हॉलैंड गर्लफ्रेंड जेंडया का हाथ थामकर गाड़ी से उतरते हैं। आसपास फैंस खड़े होते हैं। जेंडया उन्हें ऑटोग्राफ देने लगती हैं और टॉम हॉलैंड आगे निकल जाते हैं, लेकिन देखते ही देखते जेंडया के आसपास काफी लोग जुट जाते हैं। ये देख टॉम तुरंत वहां खड़े लोगों को हटाते हैं और जेंडया का हाथ पकड़कर उन्हें खींचते हुए आगे की ओर बढ़ने लगते हैं।

**पूरे टाइम जेंडया को प्रोटेक्ट करते दिखे टॉम**

कुछ ऐसा ही नजारा लौटते वक्त भी देखने को मिलता है। एक फैन जेंडया के साथ सेल्फी लेने लगता है तो टॉम उसे हाथ से धक्का देकर जेंडया को लगभग खींचते हुए आगे निकल जाते हैं।

**यूजर्स ने इस तरह से किया रिएक्ट**

टॉम ने जिस तरह से अपनी गर्लफ्रेंड को भीड़ में प्रोटेक्ट किया, कुछ लोग उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं कई लोग उनकी आलोचना भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि टॉम को इस तरह से फैंस को धक्का नहीं मारना चाहिए।

# महिलाओं में फ्लुएड रिटेंशन के कारण हो सकती है साइक्लिक एडिमा की स्थिति



*गर्भवती महिलाओं का इलाज थोड़ा अलग हो सकता है और डॉक्टर इस दौरान आप को कुछ दवाइयां भी दे सकते है। आपको अपने शरीर की पोजीशन का भी ध्यान रखना चाहिए। अपने पैरों और हाथों को अपने दिल से ऊपर करके सोएं।*

**लक्षणः** इस सिंड्रोम के होने के बाद आप को अपने शरीर के कई हिस्सों में सूजन देखने को मिल सकती है जैसे पैरों, हाथों और मुंह पर। इसके अलावा आपको पेट फूलने जैसी स्थिति का भी अक्सर सामना करना पड़ सकता है। आपको अचानक से अधिक वजन बढ़ने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आपको पीरियड्स आने से पहले सारे शरीर में सूजन जैसा महसूस हो सकता है।

**कारणः** अक्सर इसका कारण फ्ल्यूड रिटेंशन होता है। हो सकता है आप कुछ ऐसी दवाइयों का सेवन कर रहे हों जिन में डाइयूरेटिक, लेक्सेटिव आदि शामिल हो तो इस कारण भी यह सिंड्रोम आपको हो सकता है। इसमें आप के उन लिंफ के विकास होने में विफल हो जाता है जो फ्ल्यूड को आपके शरीर से बाहर निकालते हैं जिस कारण फ्ल्यूड आपके शरीर में अधिक इकट्ठे होने लगते हैं और आप को वाटर या सोडियम रिटेंशन का सामना करना पड़ सकता है।

**इस स्थिति का रिस्क सबसे अधिक किसमें होता है?**
गर्भवती महिलाएं फ्ल्यूड रिटेन ज्यादा कर पाती हैं। इसलिए भी उनको अधिकतर प्रेग्नेंसी के दौरान सूजन अधिक देखने को मिलती है। जो महिलाएं अपनी मासिक साइकिल के बीच में होती है उन्हें भी यह सिंड्रोम ज्यादा देखने को मिल सकता है और उन्हें पेट फूलना जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। अगर आप डायबिटीज की दवाइयां खा रहे हैं तो इस सिंड्रोम के होने का रिस्क आप में थोड़ा अधिक हो जाता है। जो लोग पहले से ही किडनी के मरीज हैं उन्हें भी यह सिंड्रोम अधिक होने का काफी खतरा होता है।

**पहचान करना**
आपको ऊपर बताए गए लक्षणों पर नजर रखनी चाहिए। अगर आपको यह लक्षण देखने को मिल रहे हैं तो आप डॉक्टर के पास जा सकते है। वह आपकी स्थिति देख कर बता देंगे की आपको यह सिंड्रोम है या नहीं। इसके बाद हो सकता है डॉक्टर इसकी पहचान के लिए कुछ टेस्ट आदि करें।

**इलाज**
अगर आपको इस स्थिति से छुटकारा चाहिए तो कुछ डाइट में भी बदलाव करने होंगे जैसे आपको अपनी डाइट से नमक की मात्रा कम करनी होगी और साथ में ड्यूरेटिक जैसी दवाइयों का सेवन करना भी इस दौरान बंद कर दें। आपको इस समय बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचना चाहिए। हालांकि हर तरह का इलाज सभी लोगों को सूट नहीं करता है।

# आपको क्रिप्टोकोसिस मेनिनजाइटिस कर सकता है दिमागी बीमार




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*क्रिप्टोकोसिस मेनिनजाइटिस एक प्रकार का फंगल इन्फेक्शन है जो उस टिशू में होता है जो आपके दिमाग और स्पाइनल कॉर्ड को कवर करता है। इस टिशू को ही मेनिनजाइटिस कहा जाता है। यह क्रिप्टोकोसिस नियो फोरमैन नाम की फंगस के कारण होता है। अगर आपका इम्यून सिस्टम मजबूत है और आप पूरी तरह से हेल्दी रहते है तो काफी कम संभावना है की यह बीमारी आप को हो पाए। यह अधिकतर उन्हीं लोगों को होता है जिनका इम्यून सिस्टम काफी कमजोर होता है और जिन्हें पहले से ही कोई गंभीर बीमारी जैसे एड्स आदि होती है। इसके लक्षणों में बुखार से लेकर कल्पना वाली चीजें असली में दिखाई देना आदि शामिल हैं। दिमागी रूप से भी यह स्थिति आप को काफी परेशान कर सकती है। आइए जान लेते हैं इस स्थिति के बारे में।*

**यह इंफेक्शन कितना आम है?**
यह इंफेक्शन हेल्दी लोगों में काफी दुर्लभ है। एक लक्ष्य हेल्दी लोगों में केवल एक ही केस सामने आ पाता है। वहीं जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर है या फिर जो पहले से ही एड्स से संक्रमित हैं उनमें यह थोड़ा ज्यादा सामान्य है। ऐसे लोगों में एक हजार केसों में 2 से 7 केस इस इन्फेक्शन के निकल जाते हैं। सब सहारा अफ्रीका के लोगों में यह अधिक आम है और वहां पर इससे होने वाली मृत्युओं की संख्या भी थोड़ी अधिक है।

**लक्षण**
इसके लक्षणों में सिर में दर्द होना , मितली आना, उल्टी आना, कुछ दिमागी बदलाव होने जैसे हर समय दुविधा में रहना, कल्पना यानी भ्रम वाली चीजें भी दिखना और व्यक्तित्व में बदलाव आना, आलस आना, लाइट से सेंसिटिविटी होना आदि शामिल हैं। अगर इसका इलाज नहीं करवाया जाता है तो यह बीमारी काफी गंभीर रूप ले सकती है और इसके लक्षण भी काफी सीरियस हो सकते हैं जैसे आप कोमा में जा सकते हैं, सुनाई देना बंद हो सकता है आदि। कुछ एक केसों में तो मरीजों को इस इन्फेक्शन के दौरान ब्रेन डैमेज जैसी स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है।



**कारण**
इस बीमारी का कारण दो तरह की फंगी हो सकती हैं जिनके नाम हैं क्रिप्टोकोसिस नियो फोरमैन, यही वह फंगी है जिसके केस सबसे अधिक देखने को मिलते हैं, यह फंगी मिट्टी में पाई जाती है। और दूसरी फंगी का नाम है ब गट्टी। यह फंगी ऐसे लोगों को भी संक्रमित कर सकती है जो बिल्कुल स्वस्थ होते हैं और जिनका इम्यून सिस्टम भी हेल्दी होता है।

**इसकी पहचान कैसे की जाती है?**
अगर आप के डॉक्टर को इस स्थिति से जुड़े लक्षण देखने को मिल रहे हैं तो वह आपके कुछ फिजिकल एग्जामिनेशन और टेस्ट आदि करेंगे। अगर आपके डॉक्टर को यह इंफेक्शन होने की भनक हुई तो वह स्पाइनल टैप जैसी प्रक्रिया करने का आदेश दे देते हैं जिसमें आप को बेहोश करके आपकी स्पाइन में इंजेक्शन लगा कर वहां से थोड़ा फ्ल्यूड लिया जाता है और इसके बाद उसका टेस्ट किया जाता है।

**इलाज**
अगर आपको यह फंगल इन्फेक्शन पाई जाती है तो आप के डॉक्टर शुरू में आप को एंटी फंगल ड्रग्स दे सकते हैं। इसका सेवन आपको रोज करना पड़ेगा और इस दौरान आपके डॉक्टर आपको कड़ी निगरानी में रखेंगे कहीं इन दवाइयों का असर आपकी किडनी पर तो नहीं पड़ रहा है। आपको दवाइयों का सेवन करने के दौरान बार बार स्पाइनल फ्ल्यूड का टेस्ट करवाने की जरूरत महसूस करनी पड़ सकती है ताकि कितना आराम हुआ इस बात का पता डॉक्टर कर सकें।





## न्यूरोलॉजिस्ट ने माना– दिमाग की सिकुड़ रही नसें खोल देंगी ये चीजें

याददाश्त को मानसिक क्षमता का एक जरूरी हिस्सा कहा जा सकता है। इसके जरिए ही आप कोई बात याद रखते हैं। चाहे वह कोई जरूरी तारीख हो, कोई नया शब्द हो या कोई घटना हो या फिर पढ़ाई, याददाश्त ही आपको इन सबको याद रखने में मदद करती है। याददाश्त तेज करना क्यों जरूरी है? अच्छी याददाश्त होने से पुराने अनुभवों से सीख लेते हुए भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकते हैं। अच्छी याददाश्त होना बहुत जरूरी है ताकि पढ़ाई में बेहतर कर सकें, आप रोजमर्रा के कामों को आसानी से कर सकते हैं। अच्छी याददाश्त मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छी होती है। यह हमें तनाव और चिंता से बचाने में मदद करती है। याददाश्त को कैसे तेज किया जा सकता है? न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रियंका शेरावत के अनुसार, खाने–पीने में बदलाव करके याददाश्त को मजबूत बनाया जा सकता है। दिमाग तेज करने के लिए आपको एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा करना चाहिए। इसके लिए आपको अपने खाने में बेरीज, तरबूज और सभी तरह की सब्जियां खानी चाहिए। एंटीऑक्सीडेंट्स आपके ब्रेन्स सेल्स को मरने और जल्दी बूढ़ा होने से बचाते हैं। हेल्दी फैट का मतलब होता है मोनोसैचुरेटेड फैट, फैटी एसिड या ओमेगा –3 फैटी एसिड्स। यह सभी नट्स और सीड्स में पाए जाते हैं। इसलिए आपको दिन में कम से दो अखरोट खाने चाहिए।

## दिमाग सिकोड़ देगा गलत तरीके से बैठना, हार्ट अटैक का भी खतरा

आपको शायद मालूम भी न हो कि आपका पोश्चर यानी आपके बैठने , खड़े होने यहां तक कि चलने का तरीका आपको दिमागी रूप से कमजोर कर रहा है। आपके दिल को कमजोर बना रहा है, आपको हार्ट अटैक और स्ट्रोक की तरफ धकेल रहा है। यह खुलासा 46 साल के सॉफ्टवेयर करोड़पति ब्रायन जॉनसन ने किया है। ब्रायन ने बताया है कि खराब पोश्चर होने से सेहत को गंभीर नुकसान हो सकते हैं। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिमाग की समस्याओं के अलावा मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द, ब्लड फ्लो में कमी, पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ब्रायन ने यह भी बताया है कि उन्होंने क्या तरीके आजमाकर इस समस्या से राहत पाई है। जॉनसन का कहना है कि एक डत्न स्कैन से पता चला कि उनका खराब पोश्चर उनके दिमाग के लिए खतरनाक था। उन्होंने बताया कि उन्हें एहसास नहीं था कि उनका पोस्चर कितना खराब था। डत्न से पता चला कि गलत पोश्चर धीरे–धीरे उनके दिमाग को मार रहा था। उन्होंने बताया कि उनका खराब पोश्चर उनके दिमाग में खून को फंसा रहा था, जिससे यह उनके दिल तक ठीक से नहीं पहुंच पा रहा था।

## क्रो फुकासे सिंड्रोम से शरीर में आते हैं यह बदलाव, जाने लक्षण और कारण



क्रो फुकासे सिंड्रोम एक दुर्लभ प्रकार का ब्लड डिसऑर्डर है जो समय के साथ और बिगड़ता जाता है और अगर आप इसका इलाज नहीं करवाते हैं तो यह काफी गंभीर हो सकता है। इसमें आपको बहुत सारी असामान्य प्लाज्मा सेल्स हो जाएंगी जो आपके शरीर के सिस्टम और कई ऑर्गन को तबाह कर सकती हैं।
POEM का अर्थ है पॉली न्यूरोथेरेपी, आर्गेनोमगली, एंडोक्रिनोपैथी, एम प्रोटीन और स्किन में बदलाव। इस डिसऑर्डर के दौरान आपका शरीर इतनी अधिक प्लाज्मा सेल्स बना देता है जिसमें वह नियंत्रण से बाहर चली जाती हैं। पॉली न्यूरोथैरेपी रू इसमें आपके शरीर की नसें डैमेज होने लगती हैं। इसके लक्षणों में कमजोरी, गुदगुदाहट, सुन्नपन, जलन होना, ऐसा लगना मानो शरीर में सूई चुभ रही है, लिवर या लिम्फ नोड का साइज बड़ा हो जाना, ब्लड शुगर का कंट्रोल न हो पाना, थायराइड से जुड़ी समस्या आना, स्किन का रंग गहरा हो जाना, स्किन मोटी होना, चेहरे और पैरों पर ज्यादा बाल आना, ब्लड वेसल्स ऐसे लगना जैसे छोटी छोटी चेरी हो आदि शामिल हैं। वैज्ञानिक इसका सटीक कारण पता नहीं लगा पाए हैं हालांकि वेस्कुलर इंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर का इसमें एक योगदान हो सकता है। जिन लोगों में चवमउे सिंड्रोम देखने को मिलता है उनमें यह फैक्टर भी अधिक होता है।



इन बल्लेबाजों को बताया बेकार

बायकॉट ने आगे बढ़ते हुए इंग्लैंड के कुछ बल्लेबाजों के नाम लिए और कहा कि उनके पास स्पिनरों को खेलने की सही तकनीक नहीं है। उन्होंने कहा, ष्जैसे ही गेंद स्पिन होती है जैक क्रॉले, ओली पोप, हैरी ब्रूक और स्टोक्स सभी परेशान हो जाते हैं। वह गेंद को सख्त हाथों से खेलते हैं और उनके बैड–पैड में गैप रह जाता है। अगर ये लोग बाउंड्रीज नहीं लगाते हैं तो धैर्य खो बैठते हैं। स्पिन पिचों पर धैर्य और एकाग्रता सबसे अहम होती है।

## इंग्लैंड की हार पर बेन स्टोक्स की टीम पर भड़के पूर्व कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद तीन मैचों की सीरीज हारने वाली इंग्लैंड पर पूर्व कप्तान जैफ्री बायकॉट ने गुस्सा जाहिर किया है। बायकॉट ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को जमकर आलोचना की है और उनकी बैजबॉल एप्रोज को घटिया बताया है। बायकॉट ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास दिमाग नहीं है। इंग्लैंड ने मुल्तान में खेले गए पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हरा दिया था, लेकिन इसके बाद दोनों टेस्ट मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के स्पिनरों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों का दम निकल गया था। यही देख बायकॉट गुस्सा हुए हैं। बायकॉट ने द टेलीग्राफ में एक कॉलम लिखा है जिसमें इंग्लैंड के बल्लेबाजों की जमकर आलोचना की है। उन्होंने लिखा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज अपनी गलतियों से नहीं सीख रहे हैं और सिर्फ फ्लैट विकेट पर रन बनाकर खुश हैं। बायकॉट ने लिखा है कि इंग्लैंड की मौजूदा टीम कभी भी अच्छी टीम नहीं मानी जाएगी क्योंकि उन्होंने सभी तरह की पिचों पर अपने आप को साबित नहीं किया है। ये टीम मौकों को गंवा रही है और टीम को बदलना होगा और सभी परिस्थिति में जीत हासिल करनी होगी।

# पाकिस्तान क्रिकेट में घमासान, कोच गैरी कर्स्टन ने दिया इस्तीफा

क्रिकेट

### कर्स्टन का पाकिस्तान के साथ बतौर कोच 2 साल का था कॉन्ट्रैक्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट में अक्सर कप्तान, उप–कप्तान और कोच में बदलाव का सिलसिला जारी है। कप्तान या कोच बदलने के बाद भी पाकिस्तान टीम की किस्मत नहीं बदल रही है। टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बोर्ड ने व्हाइट बॉल कप्तान बाबर आजम की छुट्टी की थी। उनकी जगह विकेटकीपर बैटर मोहम्मद रिजवान को व्हाइट बॉल टीम का नया कप्तान बनाया। इस बीच अब एक और बड़ी खबर सामने आई है। टीम के व्हाइट बॉल कोच गैरी कर्स्टन ने इस्तीफा दे दिया है। इसकी फिलहाल आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की वनडे और टी20 टीम के कोच कगैरी ने इस्तीफा दे दिया है। गैरी ने 6 महीने के अंदर ही इस पद को छोड़ने का फैसला लेकर हर किसी को हैरान कर दिया है। अप्रैल 2024 में गैरी को पाकिस्तान टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था।



पीसीबी के साथ मतभेद के चलते कर्स्टन काफी निराश है। पीसीबी ने गैरी से टीम सेलेक्शन के अधिकार छीन लिए थे, जिसके बाद टीम सेलेक्शन का राइट सिर्फ सेलेक्शन पैनल के पास था, जिसका अब वह हिस्सा नहीं थे।

मौजूदा चयन समिति के बढ़ते प्रभाव के चलते गैरी खुद को अलग महसूस कर रहे थे। इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हारने के बाद पाकिस्तान ने एक नए सेलेक्शन पैनल की घोषणा की थी। ऐसा तीन महीने में तीसरी बार हुआ था। इस वजह से माना जा रहा है कि गैरी ने निराश होकर ये फैसला लिया।

गैरी कर्स्टन के कोच रहते हुए टीम इंडिया ने साल 2011 में धोनी की कप्तानी में 28 साल बाद विश्व कप जीता था। कर्स्टन के कार्यकाल में भारत सिर्फ वनडे विश्व कप ही नहीं, बल्कि टेस्ट और वनडे की रैंकिंग में भी सर्वश्रेष्ठ रहा। भारत के बाद गैरी ने साउथ अफ्रीका के हेड कोच (2011, 2013) के रूप में काम किया और 56 साल की उम्र में उन्होंने आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के मेंटर और बैटिंग कोच की भी भूमिका निभाई। गैरी कर्स्टन की कप्तानी के अंदर ही पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप 2024 में हिस्सा लिया।पाकिस्तान का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वहसुपर–8 में जगह नहीं बना सका।

# साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम इंडिया को मिलेगा नया कोच!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है जिसके दो मैच हो चुके हैं। दोनों मैच न्यूजीलैंड ने जीतते हुए सीरीज अपने नाम कर ली है। तीसरा मैच एक नवंबर से मुंबई में शुरू होगा। इससे पहले बीसीसीआई ने एक बड़ा फैसला किया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ये फैसला कोच को लेकर किया है। बीसीसीआई टीम इंडिया के अगले दौरे पर नए कोच को नियुक्त कर सकती है।

न्यूजीलैंड सीरीज के बाद भारतीय टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर जाएगी जहां उसे चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के लिए टीम का एलान भी कर दिया गया है, लेकिन इस दौरे पर गौतम गंभीर बतौर कोच नहीं जाएंगे। उनकी जगह एनसीए के मुखिया वीवीएस. लक्ष्मण कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे।

■न्यूजीलैंड सीरीज के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

यह भी पढ़ें– ठवतकमत ळंअंेांत ज्तव. चीलरू भारतीय स्क्वॉड में जगह मिलने पर बोले र्भेपज ंदं, सभी फार्मेट में खेलना चाहता हूं

वेबसाइट क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो साउथ अफ्रीका दौरे पर लक्ष्मण को बतौर मुख्य कोच भेजा जाएगा। बीसीसीआई के सीनियर अधिकारी ने क्रिकबज से इसकी पुष्टि की है। उनके साथ कोचिंग स्टाफ भी नया होगा। साइराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष भी साउथ अफ्रीका दौरे पर कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे। ये सभी हाल ही में एसीसी इमरजिंग एशिया कप में इंडिया–ए के साथ गए थे।

ये फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि गंभीर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे जहां टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद गंभीर बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटेंगे इसलिए उनकी जगह लक्ष्मण को साउथ अफ्रीका भेजा जा रहा है।

अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर सेलेक्शन कमेटी ने साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम का एलान किया है जिसमें तीन नए चेहरे आए हैं। यश दयाल, रमनदीप सिंह और विजय कुमार को टीम में जगह मिली है। बांग्लादेश सीरीज के दौरान टी20 टीम का हिस्सा रहे हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी को टीम में नहीं चुना गया है क्योंकि ये सभी टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए हैं।

### कप्तानी मिलने के बाद मोहम्मद रिजवान का बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। मोहम्मद रिजवान को पाकिस्तान की सफेद गेंद क्रिकेट का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए पाकिस्तान के दल से बाहर की गई बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी की तिकड़ी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित पाकिस्तान के टीम में वापसी हुई है। हालांकि यह तीनों ही ऑस्ट्रेलिया के बाद जिम्बाब्वे में होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए चयनित टीम में शामिल नहीं किए गए हैं। पाकिस्तान का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मोहम्मद रिजवान ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह कप्तान बनने की कोशिश करेंगे, न कि किंग। रिजवान ने कहा– अगर मैं कप्तान के तौर पर खुद को किंग (राजा) समझने लगूं तो सब कुछ बिखर जाएगा। बल्कि, एक नेता के तौर पर मैं टीम के 15 लोगों की सेवा करने के लिए यहां हूं। ऐसा ही होना चाहिए।

## न्यूज डायरी



### विराट कोहली का नाम लेते हुए एबी डिविलियर्स का बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा घरेलू टेस्ट सीरीज हार चुकी है। तीन मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम मेहमान टीम के खिलाफ 0–2 से पीछे है और उसे एक मैच खेलना है। यह 12 साल में घरेलू धरती पर भारत की पहली टेस्ट सीरीज हार भी रही। घरेलू मैदान पर भारत के दबदबे की चर्चाओं को ब्लैककैप्स ने खत्म कर दिया, जिन्होंने बेहतरीन परिस्थितियों का फायदा उठाया। मेजबान टीम की हार के बाद जहां उनकी कड़ी आलोचना हो रही है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा का मानना है कि यह न्यूजीलैंड का कमाल है। साथ ही उन्होंने भारतीय टीम के स्पिन खेलने के कौशल पर सवाल उठाया है। डिविलियर्स ने कहा कि न्यूजीलैंड की जीत नई परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में दौरा करने वाली टीम की प्रतिभा का परिणाम है। महान क्रिकेटर ने अपनी राय के समर्थन में दक्षिण अफ्रीकी धरती पर बल्लेबाज विराट कोहली के प्रभावशाली प्रदर्शन का उदाहरण भी दिया। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के करीबी दोस्तों में शामिल डिविलियर्स ने कहा– जब आप भारत जाते हैं तो ऐसा माना जाता है कि भारतीय खिलाड़ी स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होते हैं। इसका हमेशा यह मतलब नहीं होता कि यह सच है कि सभी बल्लेबाज दुनिया में स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

### साक्षी ने एमएस धोनी की क्रिकेट नॉलेज पर उठा दिए सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की गिनती क्रिकेट की दुनिया के महान कप्तानों में होती है। उनकी विकेटकीपिंग के भी खूब चर्चे होते हैं। उन्हें महान विकेटकीपरों में गिना जाता है। लेकिन धोनी की पत्नी साक्षी ने ही एक बार उनकी विकेटकीपिंग और क्रिकेट नॉलेज पर सवाल उठा दिए थे। खुद धोनी ने इस बात का खुलासा किया है। धोनी की कप्तानी में भारत ने दो वर्ल्ड कप जीते हैं। साल 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप भारत ने धोनी की कप्तानी में ही जीता था। इसके चार साल बाद भारत ने साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। वह भारत के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। धोनी ने हाल ही में एक इवेंट में हिस्सा लिया था। इस इवेंट में धोनी ने एक किस्सा सुनाया जहां उनकी पत्नी ने धोनी की क्रिकेट नॉलेज पर सवाल खड़े कर दिए थे। धोनी ने बताया, ष्हम घर पर एक वनडे मैच देख रहे थे। साक्षी भी मेरे साथ थी। आमतौर पर हम क्रिकेट के बारे में बात नहीं करते हैं। गेंदबाज ने वाइड गेंद फेंक दी थी और बल्लेबाज ने आगे निकलकर मारना चाहा था लेकिन चूक गया था और स्टंप हो गया था। मैदानी अंपायर ने थर्ड अंपायर का रुख किया। मेरी पत्नी ने कहा ये आउट नहीं है। तब तक बल्लेबाज जाने लगा था। साक्षी ने कहा कि वह उसे वापस बुलाएंगे क्योंकि बल्लेबाज वाइड गेंद पर आउट नहीं हो सकता। धोनी ने बताया, मैंने कहा कि नहीं वाइड गेंद पर स्टम्प किया जा सकता है लेकिन नो बॉल पर नहीं।

### पाकिस्तान सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया टी20 टीम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ खेली जाने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। हैरानी की बात ये है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम की घोषणा करते हुए कप्तान का नाम नहीं बताया है। बोर्ड ने बयान में ये कहा कि टी20 के नए कप्तान का एलान जल्दी होगा। इस टीम में कई स्टार खिलाड़ी नहीं है क्योंकि उन्हें बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए आराम दिया गया है। टेस्ट टीम के स्टार खिलाड़ियों को टी20 सीरीज से बाहर रखा गया है ताकि वह भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। ऑस्ट्रेलिया इस बार अपने घर में भारत से टेस्ट सीरीज हारने से बचना चाहता है। यूं तो ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उन्हें आराम दिया गया है। जोस इंग्लिस, एडम जैम्पा और मैट शॉर्ट पाकिस्तान सीरीज के लिए टीम का अगला कप्तान बनने की रेस में हैं। पाकिस्तान सीरीज के लिए जो 13 खिलाड़ी चुने गए हैं उनमें एक भी टेस्ट टीम का खिलाड़ी नहीं है। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।

